इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 5 नवम्बर 2023

मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा, बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है।
-सुभाष चन्द्र बोस

वर्ष 16 अंक 63 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ - 12+4

तापमान - अधिकतम 29.9°C (-1.0) न्यूनतम 18.4°C(+3.2) सेंसेक्स 64,363.78 (+282.88) निफ्टी 19,230.60 (+097.35) सोना 61,7900 चांदी 75,000 मुद्रा - डालर 83.14 दिरहम 22.64 रियाल 22.17

एरा में आयोजित हुआ पीएचडी ओरिएंटेशन प्रोग्राम

◎ कुलपति और प्रधानाचार्य ने की शिरकत

लखनऊ (ब्यूरो)। एरा विश्वविद्यालय में पीएचडी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने पीएचडी कार्यक्रम के लिए चयनित सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शोध कार्य अति महत्वपूर्ण है, जो भविष्य की दिशा तय करता है, उन्होंने छात्रों को अच्छे शोध कार्य और कड़ी मेहनत की सलाह देते हुए कहा कि शोध छात्रों को शहर में स्थित अनुसंधान संस्थानों के साथ संबंध स्थापित रखना चाहिए।

किसी भी अनुसंधान को गुणवत्ता की कसौटी पर खरे उतरना चाहिए। इसके लिए शोध में नैतिकता बेहद जरूरी है। शोध कार्य का उद्देश्य हमेशा सामाजिक उत्थान को लेकर होना चाहिए। एरा लखनऊ मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य व पीएचडी सेल के अध्यक्ष प्रोफेसरजमाल मसूद ने अतिथियों और चयनित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि कड़ी लगन और मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है, उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि शोध की दुनिया बहुत ही विशाल होती है। शोध के लिए परिकल्पना जरुरी है। परिकल्पना भी हमेशा तार्किक होना चाहिए। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ तसलीम रजा ने परीक्षाओं और मूल्यांकन के बारे में चर्चा की। रजिस्ट्रार डॉ अनु चंद्रा ने एरा यूनिवर्सिटी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ कहकशां परवीन ने नियमों और विनियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सालिहा रिजवी ने किया। डॉ सैय्यदा सालिहा जाफ री के धन्यवाद ज्ञापित किया। जानकारी के मुताबिक एरा विश्वविद्यालय में पीएचडी कार्यक्रम के लिए कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमे से 69 छात्रों को लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। 49 छात्र लिखित परीक्षा में सम्मिलित हुए और 38 उत्तीर्ण हुए। साक्षात्कार में 35 छात्र शामिल हुए इनमे से 24 को चयनित किया।